# लेकर तेरा नाम ओ बाबा | by Nisha Govind Sharma

लेकर तेरा नाम ओ बाबा एक एक कदम बढ़ाता हूँ
कौन सुनेगा मेरे मन की तुमको ही मैं सुनाता हूँ
लेकर तेरा नाम ओ बाबा ...........

क्या पूजा क्या ........
क्या पूजा क्या पाठ है बाबा मुझको कोई ज्ञान नहीं
कैसे मनाऊं कैसे रिझाऊं भक्ति भाव मुझे ध्यान नहीं
तेरी किरपा ........
तेरी किरपा पाने खातिर झोली रोज़ फैलाता हूँ
लेकर तेरा नाम ओ बाबा ...........

नरसी तारा........
नरसी तारा मीरा तारी, द्रौपदी करमा तार दिए
गणिका अजामिल मित्र सुदामा इन सबके उद्धार किये
तुम हो दया के .........
तुम हो दया के सागर बाबा बूँद की आस लगता हूँ
लेकर तेरा नाम ओ बाबा ...........

तेरे नाम की...........
तेरे नाम की महिमा भारी सारे दोष मिटा देगी
मुझ अधमी को मुझ कपटी को सच्ची राह दिखा देगी
सुख हो चाहे .......
सुख हो चाहे दुःख हो बाबा साथ तुम्हारा चाहता हूँ
लेकर तेरा नाम ओ बाबा ...........

श्याम नज़र .........
श्याम नज़र किरपा की कर दो काम मेरा चल जायेगा
जो ना सोचा जो ना चाहा वो सब भी मिल जायेगा
मैं दीन तुम नाथ हो गोविन्द दर पे शीश झुकता हूँ
लेकर तेरा नाम ओ बाबा ...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%93-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-nisha-govind-sharma/